हरिभूमि
# बालोद भूमि
रायपुर, सोमवार 24 जून 2024

10 भारत माता के सच्चे सपूत थे डॉ मुखर्जी : पवन



09 प्रजापिता ब्रम्हाकुमारी ईश्वरीय विवि में मना योग







**मौसम खेती के अनुकूल होने के बाद बढ़ गई ट्रैक्टरों की मांग**

## झमाझम बारिश से खिले किसानों के चेहरे, खेती-किसानी में आई-तेजी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

जिले में मानसून के आगमन के साथ ही बीते रात झमाझम बारिश से किसान खुश नजर आ रहें है, अच्छी बारिश होने और दुसरे दिन मौसम खुलने से खेती किसानी के कार्यों में प्रगति नजर आ रही है।

नौतपा लगभग 20 दिन बीत जाने के बावजूद बारिश नहीं होने से किसान मायूस नजर आ रहें थे, लेकिन अचानक मौसम ने करवट बदली और काले घने बादल आसमान में मंडराने लगे जिसके बाद झमाझम बारिश का नजारा देखने को मिला। किसान जून महीने के आगमन के साथ ही खेतों की साफ सफाई के साथ ही खाद व बीज का संग्रहण कर बारिश का इंतजार कर रहें थे, जिनका इंतजार अब बारिश होने के पश्चात खत्म होते नजर आ रहा है और किसान सुबह से ही खेतों में धान बीज का छिड़काव कर धान बोवाई के कार्यों में जुटे हुए है, वहीं धान बोवाई के बेहतर मौसम के चलते ट्रेक्टर की मांग बहुत ही ज्यादा है, इसलिए किसान ट्रेक्टर चालकों के पीछे लगे हुए है समय रहते धान की बोवाई करना चाहते है। किसानों की माने तो बीते रात की बारिश धान बोवाई के लिए बेहतर साबित हो रहा है, क्योंकि पर्याप्त बारिश होने के बाद बारिश बंद है, जिसके कारण खेतों में ट्रेक्टर आसानी से चल रहा है, किसान उम्मीद लगा रहे हैं कि एक दो दिन अभी बारिश ना हो जिससे पूरी तरह धान की बोवाई हो सके।

### तापमान में गिरावट दर्ज की गई है

पर्याप्त बारिश के होने से तापमान में गिरावट दर्ज की गईं है और भीषण गमएँ से लोगों को राहत मिली है, शनिवार को तापमान 33 डिग्री दर्ज किया गया है, जो आगामी दिनों में बारिश होने के पश्चात कम होने का अनुमान लगाया जा रहा है। किसान कार्तिक साहू ने बताया की पर्याप्त बारिश होने के कारण खेतों में ट्रेक्टर व किसान नजर आ रहे, जो अनुकल वातावरण को ध्यान में रखकर धान बोवाई में जुटे हुए है, वहीं जो किसान धान की बोवाई कर चुके है उनके लिए बारिश वरदान साबित होगा और बारिश होने से गर्मी से भी राहत मिली है।



### खबर संक्षेप

**बीएसएफ जवान की पत्नी का शव मिला**

**भिलाई।** बीएसएफ जवान की पत्नी का शव बालकनी में संदिग्ध अवस्था में लटकने का मामला सामने आया है। सुपेला पुलिस ने बताया कि इन्द्रा नगर सुपेला निवासी पिंकी सिंह का शव बालकनी में लटके देखने पर पति को लोगों ने सूचना दी।

**महिला को जड़ा थप्पड़ पति-पत्नी पर जुर्म दर्ज**

**भिलाई।** मारपीट के मामले में पुलिस ने पति पत्नी के खिलाफ जुर्म दर्ज किया है। शिकायत पर पुलिस ने धारा 294, 323, 34 के तहत जुर्म दर्ज किया है। स्मृति नगर पुलिस ने बताया कि तालपुरी बी ब्लाक भिलाई नगर निवासी रिंकी दत्ता ने शिकायत किया है कि सड़क नंबर 13 स्मृति नगर निवासी अंजली बोरघाटे, संजीव बोरघाटे ने पीड़िता के पति और बच्चों के बारे में आपत्तिजनक श्ब्द बोला था। पीड़िता का बेटा प्रियांशु दत्ता के दोस्तों को महिला बोल रही थी। प्रियांशु से कोई संपर्क नहीं करने को लेकर परेशान कर रही थी। 20 जून को अंजोली बोरघाटे के घर पर प्रियांशु के साथ पीड़िता गई थी। इस दौरान अंजली से पीड़िता की मुलाकात हुई। पीड़िता ने अपने बेटे को लेकर आपत्तिजनक बाते न करने की हिदायत भी दिया था। बावजूद अंजली आक्रोश में आकर पीड़िता को गाली गलौज कर थप्पड तक जड़ दिया।

**पानी के लिए लंबी कतारें, इंतजाम फेल**

**भिलाई।** नगर निगम भिलाई के 66 एमएलडी जलशोधन संयंत्र में इलेक्ट्रीकल पैनल एवं ट्रांसफार्मर की तकनीकी खराबी शनिवार को सुधार ली गई। सुधार के बाद भी रिसाली और भिलाई निगम क्षेत्र के हजारों लोगों को पानी रविवार की सुबह नहीं बल्कि दोपहर के बाद ही मिल पाएगी। इसलिए कि मुख्य पानी टंकियों को भरने में पूरी रात और सुबह तक समय लगेगा। इधर पूरे दिन यानी दोनों समय के लिए दोनों निगम क्षेत्र के हजारों परिवारों को पेयजल के लिए मशक्कत करनी पड़ी। निगमों की लोगों को राहत पहुंचाने के लिए की गई वैकल्पिक व्यवस्था फेल दिखाई दी।

**नामांतरण में गड़बड़ी तहसीलदार निलंबित**

**भिलाई।** दुर्ग संभाग आयुक्त सत्य नारायण राठौर ने शासन से प्राप्त भूमि का कलेक्टर की अनुमति के बिना विक्रय किए जाने पर, पूर्व में नामांतरण निरस्त करने के बाद एवं अपीलीय न्यायालयों द्वारा नामांतरण खारिज करने के बाद भी छत्तीसगढ़ भू-राजस्व संहिता, 1959 के प्रावधानों के विपरीत उसी वाद भूमि का विधि विरूद्ध नामांतरण आदेश पारित करने एवं कर्तव्य निर्वहन में गंभीर लापरवाही बरतने के आरोप को छत्तीसगढ़ सिविल सेवा (आचरण) नियम 1965 के प्रतिकूल मानते हुए तहसीलदार दुर्ग प्रफुल्ल कुमार गुप्ता को तत्काल प्रभाव से निलंबित किया है। निलंबन अवधि में मुख्यालय कार्यालय कलेक्टर मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी निर्धारित किया गया है। प्रफुल्ल कुमार गुप्ता तहसीलदार को निलंबन अवधि में नियमानुसार जीवन निर्वाह भत्ते की पात्रता होगी।

कीचड़ के कारण लोगों का चलना मुश्किल, तय करनी पड़ रही 5 किमी ज्यादा दूरी

## पुल निर्माण कई माह से अधूरा वैकल्पिक मार्ग पर डाल दी मुरुम



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

जिले के गुण्डरदेही ब्लॉक स्थित सरेखा मार्ग पर जर्जर पुल को बनाने का कार्य कई महीनों से निर्माणाधीन हालात में है, वहीं वैकल्पिक सड़क में दलदल होने के कारण राहगीरों को लगभग पांच किलोमीटर की लम्बी दूरी तय करना पड़ रहा है।

■ पहली बारिश में ही दलदल में तब्दील हो गया वैकल्पिक मार्ग

ग्राम भाटागाँव से सरेखा पहुँच मार्ग मे पुल निर्माण का कार्य पंचायत के माध्यम से किया जा रहा है, जिसके निर्माण लिए लगभग 10 लाख रूपये की स्वीकृति प्राप्त हुई थी, आवागमन को ध्यान में रखकर वैकल्पिक सड़क की व्यवस्था मिट्टी की सड़क बनाकर की गई, लेकिन वैकल्पिक मिट्टी की सड़क पहली बारिश में ही दलदल में तब्दील हो गया। जिसके कारण ग्राम सरेखा के ग्रामीण राहगीरों को लगभग पांच किलोमीटर अतरिक्त लम्बी दूरी का सफर भाटागांव जाने के लिए तय करना पड़ रहा है।

### हो रही परेशानी

राहगीर टिकेश्वर साहू ने बताया की सरेखा आने-जाने के लिए भाटागांव मार्ग से होकर जाना मुमकिन नहीं है, क्योंकि पुल निर्माण के दरमियान बना वैकल्पिक सड़क में काली मिट्टी डाला गया था, जो बारिश के कारण दलदल में तब्दील हो गया है, जिसके कारण दो पहिया वाहन को जैसे तैसे पार कराया जा सकता है, लेकिन चार पहिया वाहन वैकल्पिक सड़क के माध्यम से गुजरना मुश्किल है। पुल निर्माण कार्य में पंचायत निर्माण एजेंसी है, निर्माण एजेंसी के द्वारा कई महीने बीत जाने के बावजूद निर्माण सूचना बोर्ड भी नहीं लगाया गया है।

**मुरुम डलवाई जाएगी**

इंजीनियर को बोलकर वैकल्पिक सड़क में मुरुम डलवाई जाएगी, जिससे आवागम बाधित ना हो।

- घनश्याम सिन्हा, एसडीओ आरईएस विभाग

## दानीटोला में तीन माह बाद भी सचिव को नहीं मिला पदभार, कार्य प्रभावित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| डोंडी



विकासखंड के ग्राम पंचायत दानीटोला में स्थायी पंचायत सचिव की पदस्थापना होने के तीन माह बाद भी पूर्व सचिव द्वारा पदभार ना दिए जाने से ग्रामीणों को हो रही परेशानियों को लेकर नवपदस्थ सचिव को जल्द पदभार दिलाने

■ पूर्व सचिव द्वारा नहीं दिया जा रहा पदभार, ग्रामीणों ने की कलेक्टर से शिकायत

कलेक्टर जनदर्शन में की गई। मांग के एक सप्ताह बाद भी ग्रामीणों की मांग पूर्ण नहीं हो पाई जिसको लेकर ग्रामीणों में रोष व्याप्त है।

ग्रामीणों ने बताया कि पदस्थ सचिव द्वारा विगत लगभग चार साल से अन्य ग्राम पंचायत में अतिरिक्त प्रभार लेने के कारण ग्राम पंचायत दानीटोला में नियमित भी बैठने से दानीटोला सहित पंचायत के आश्रित ग्राम बोरिद, बनगांव के ग्रामीणों शासन की योजनाओं की सही जानकारी नही मिलने के साथ ,जन्म,मृत्यु प्रमाणपत्र बनाने ,राशन कार्ड नवीनीकरण,नया राशन कार्ड ,राशन कार्ड में नाम जुड़वाने भटकना पड़ रहा है , वही शिक्षण सत्र प्रारंभ होने पर बच्चों के निवासी व जाति प्रमाण पत्र बनाने के लिए भटकना पड़ता है वही जनवरी फरवरी के ▶▶| शेष पेज 09 पर

### कई पद रिक्त, सचिवों की नई भर्ती की मांग

पूर्व जनपद सदस्य अनिल सुथार ने बताया कि जनपद पंचायत डोंडी के ग्राम पंचायतों में पंचायत सचिव के अनेक पद रिक्त नजर आ रहे हैं। क्योंकि लगभग 15 ग्राम पंचायतों में पदस्थ सचिव 15 अन्य पंचायतों में अतिरिक्त प्रभार लेकर कार्य कर रहे हैं। इससे लगता है कि पंचायत सचिव के अनेक पद रिक्त है शासन प्रशासन को पंचायत सचिव के पद पर नई भर्ती किए जाने की मांग की है, जिससे बेरोजगारों को रोजगार मिल सके, साथ ही ग्राम पंचायत दानीटोला में सचिव की स्थायी पदस्थापना जल्द करने की मांग की है।

| पंचायत सचिव के | अतिरिक्त प्रभार |
|---|---|
| सिंघोला | -चिहरो |
| सुरडोंगर | - मरदेल |
| लिमउडीह | - नर्रालगुडा |
| गुद्दुम | - बम्हनी |
| ढोरीठेमा | - पटेली |
| गिधाली | - कारूटोला |
| साल्हे | - सिंघनवाही |
| भर्रीटोला 36 | -उंकारी |
| पचेड़ा | - कुंआगोंदी |
| कोपेटेरा | - कुमुडकट्टा |
| ठेमाबुजुर्ग | - चिखली |
| कुंजकनहार | - अवारी |
| कुसुमकसा | - दानीटोला |
| आमाडुला | -मथेना |
| पथराटोला | - टेकाढोड़ा |

## ग्राम घीना में 270 मवेशियों को लगाया गया टीका

**बालोद।** ग्राम घीना में पशुओं का टीकाकरण किया गया। ग्रामीण क्षेत्रों में पशुपालन का कार्य किसानों द्वारा बहुतायत संख्या में किया जाता है। जिसमें कृषि पर आश्रित है, पशुधन ग्रामीणों की अर्थव्यवस्था में प्रमुख स्थान रखता है।

रूपसिंह रावटे ने बताया कि पशुधन विकास विभाग पशु औषधालय हड़गहन द्वारा घीना में पशुओं में संक्रमण बीमारी से बचाव के लिए गलघोंटू एवं एकटंगिया का टीकाकरण किया गया। प्रथम दिवस 270 जानवरों का टीकाकरण किया गया। इस टीकाकरण कार्यक्रम में सहायक पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ. आरके कोसरिया, पशु परिचारक टेमन लाल देवांगन, गौसेवक नरेंद्र कुमार का सहयोग रहा।



## अधिवक्ताओं ने दुर्ग उपायुक्त से की उप पंजीयक की शिकायत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुरूर

नगर के अधिवक्ताओं ने नगर में निरीक्षण पर पहुंचे दुर्ग उपायुक्त से भेंटकर नगर में 6 साल से पदस्थ

■ शिकायत पत्र सौंपकर लगाए कई आरोप, जांच व कार्रवाई की मांग की

उपपंजीयक के खिलाफ लिखित शिकायत की है। शिकायत पत्र में वकीलों ने उप पंजीयक पर कई गंभीर आरोप लगाए हैं। पक्षकारों एवं अधिवक्ताओं से दुर्व्यवहार करने का भी गंभीर आरोप वकीलों ने शिकायत पत्र में लगाया है। वकीलों ने बताया कि उप पंजीयक बीते 6 साल से प्रभारी पंजीयक के रूप मे पदस्थ है, वे प्रभारी हैं। आरोप लगाया कि उनके द्वारा जमीनों की रजिस्ट्री के दौरान ईनाम के नाम पर भारी भरकम रकम की मांग की जाती है, यह राशि मुद्रांक शुल्क व अन्य सरकारी शुल्कों से पृथक है।



वकीलों ने उपायुक्त से मुलाकात कर बताया कि ईनाम की राशि नहीं देने पर उप पंजीयक द्वारा प्रताड़ित किया जाता है, कागजातों में कमियां बताकर लगातार घुमाया जाता ▶▶| शेष पेज 09 पर

### पटवारियों की भी शिकायत

नगर में पहुंचे दुर्ग उपायुक्त से वकीलों ने तहसील में कार्यरत पटवारियों की शिकायत की। वकीलों ने उपायुक्त को बताया कि पटवारी पूरी तरह निरंकुश हो गए हैं। कई पटवारी मुख्यालय में नहीं रहते, दूसरे विकासखण्ड, तो कई दूसरे जिलों से आना जाना करते हैं। इस दौरान मिर्रीटोला व सोरर पटवारी की विशेष रूप से शिकायत की गई। अधिवक्ताओं ने अपने लिखित शिकायत में बताया कि तहसील में पदस्थ पटवारियों द्वारा नामांतरण बटवारा की कार्यवाही समय पर नहीं की जाती। बहुसंख्यक पटवारी मुख्यालय में नहीं रहते, उनके द्वारा समय पर कार्य नहीं कर कृषकों को घुमाया जाता है, जिससे उन पर आर्थिक बोझ बढ़ता है एवं परेशान होते हैं। वकीलों ने पटवारियों पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि पटवारियों द्वारा ऑनलाईन अभिलेख दुरूस्ती में जानबूझकर विलंब किया जाता है एवं उसमें त्रुटि की जाती है, जिससे खातेदार परेशान होता है एवं उसे सुधार के लिए आर्थिक बोझ भी पड़ता है। वकीलों ने बताया कि बहुसंख्यक पटवारी मुख्यालय में नहीं रहकर दल्लीराजहरा, बालोद, डौण्डी, दुर्ग से आना जाना करते हैं। अविवादित प्रमाणिकरण में भी मोटी रकम की मांग करने का भी आरोप वकीलों ने पटवारियों पर लगाया है। इस दौरान अधिवक्ता जयभारतपुरी गोस्वामी, सुरेन्द्र तिवारी, चन्द्रप्रकाश जाधव, ऋषि सिन्हा, नारायण टुवानी, विनेश गजेन्द्र, भारत मेश्राम टुकेश्वर देवांगन, भागीरथी सिन्हा, सहित दो दर्जन वकील उपस्थित थे।

पूर्व नपा अध्यक्ष ने सांसद भोजराज से की मांग

## जिले में खोला जाए कृषि महाविद्यालय : राकेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुरूर

जिला कृषि पर निर्भर है, लोग कृषि के माध्यम से ही अपना जिवकोपार्जन करने का काम करते है, लेकिन जिले के कृशको को उन्नत व सही तकनीक के साथ सही उत्पादन प्राप्त करने जैसी जानकारियो से आज भी अनभिज्ञ रहना पड़ रहा है, ऐसी स्थिति को देखते हुए संजारी विधानसभा प्रत्याशी, पूर्व प्रदेश मंत्री भाजपा, पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष राकेश यादव ने क्षेत्र मे पहुंचे सांसद भोजराज नाग से मिलकर जिले मे कृशि महाविद्यालय खालने की मांग की है।



राकेश यादव ने सौपे ज्ञान मे कहा गया है कि जिला कृषि प्रधान जिला है, जिले मे डेम कॉम्पलेक्स तांदुला जलाशय, सुखा जलाशय, गोंदली जलाशय, खरखरा जलाशय, मटिया मोती जलाशय जिले मे स्थित है तथा धमतरी के गंगरेल डेम का पानी गुरूर ब्लाक को सिंचित करता है, कृशि के मामले मे जिला बहुत समृद्व है, बालोद जिले के गुरूर विकासखण्ड मे राष्ट्रीय उत्पादन के औसत से ज्यादा प्रति हेक्टेयर गुरूर के किसान ले रहे है, किसानो को आधुनिक तकनीक से प्रशिक्षित करने के लिए एवं बालोद के नवजवानो को कृशि आधारित शिक्षा हेतु बालोद मे कृशि महाविद्यालय की स्थापना किया जाना अति आवश्यक है, इसलिए आगामी बजट मे जिला मे कृशि महाविद्यालय खोला जाना चाहिए। जिला कृषि प्रधान होने बाद भी जिले के कृशको को आगे बढ़ाने तथा कम मेहनत मे अधिक उत्पादन के साथ उन्नत कृशि संबंधित जानकारी जैसे कई चिजो से आज भी जिले के किसान अनभिज्ञ है जिसके कारण जिले के किसानो को कड़ी मेहनत के बाद भी सही उत्पादन जैसे फल नही मिल पाते है। वे आज भी परंपरागत खेती कर रहे है जिसके कारण बदलते परिवेश मे जिले के किसानो को कृशि से कोई खास मुनाफा नही हो रहा है।

वही ऐसी कई विधियां आ गई है जिसके माध्यम से किसान कम पानी मे भी अधिक फसल प्राप्त कर सकते है लेकिन कई मशीनरी के साथ फसलो की जानकारी जिले के किसानो को नही है, जिसके कारण जिले के किसान अधिक पानी भरकर रखे रहते है और खेत को सुखने भी नही देना चाहते जैसी स्थिति देखने को मिलती है।

### मिट्टी परीक्षण की सलाह

जिले मे कुछ ही किसान होंगे जो मिट्टी परीक्षण कराते होंगे, अधिकांश किसान बिना मिट्टी परीक्षण के दूसरो या दुकानदारो के सलाह के आधार पर दवाई व खाद फसलो मे डाल देते है, वही प्रशासन द्वारा भी इस संबंध मे कोई जागरूकता अभियान नही चलाया जाता और ना ही इस संबंध मे कोई पहल की जाती है। वही जिले के अधिकांश किसान धान का फसल ही लेते है, जबकि ऐसी अन्य कई फसले है जिसके माध्यम से किसान धान से भी ज्यादा कमाई कर सकते है, लेकिन इन सबकी जानकारी देने के साथ मार्गदर्शन करने वाला नही होने से जिले के किसान पीछे रह गए है।

हरिभूमि
**पाठक सूचना**
बालोद जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें
9425559113, 9425565082
दल्लीराजहरा - 9993246100

## खबर संक्षेप



### वित्त मंत्री, पद्मश्री और सांसद का रजक ताज से किया अभिनंदन

**रायपुर।** धोबी समाज द्वारा ईडन गार्डन रायगढ़ में महाधिवेशन और रजक महोत्सव मनाया गया। इस अधिवेशन में वित्त मंत्री ओपी चौधरी, पद्मश्री रामलाल बरेठ सहित सभी अतिथियों का परंपरागत रजक ताज धोबी पगड़ी से नवाज कर अभिनंदन किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि वित्त मंत्री ओपी चौधरी ने समाजजनों को संबोधित करते हुए कहा कि धोबी समाज अब उपेक्षित नहीं रहेगा। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय इस आयोजन में आने वाले थे, परंतु कुछ प्रशासनिक जरूरी काम आ जाने के कारण वे नहीं आ सके, उनके प्रतिनिधि के रूप में हम स्वयं पहुंचे हैं। समाज का कोई काम नहीं रुकेगा। उन्होंने प्रदेश अध्यक्ष सूरज निर्मलकर की मांग पर मोदीनगर में भव्य सामुदायिक भवन बनाने की घोषणा की और प्रथम चरण में 20 लाख रुपए स्वीकृत करने की बात कही।

### डॉ. मुखर्जी की पुण्यतिथि पर किया नमन

**रायपुर।** मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने जनसंघ के संस्थापक डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की पुण्यतिथि पर उन्हें श्रद्धांजलि दी। श्री साय ने कहा कि देश की एकता को और अधिक मजबूत करने की दिशा में डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के 'अद्वितीय प्रयासों' के लिए प्रत्येक भारतीय उनका ऋणी है। डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी ने भारत की प्रगति के लिए कड़ी मेहनत की और एक मजबूत तथा समृद्ध राष्ट्र का सपना देखा। हम उनके सपनों को पूरा करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। उन्होंने भारतीय राजनीति और समाज के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। उनके द्वारा स्थापित भारतीय जनसंघ ने राष्ट्रवाद और सामाजिक न्याय के सिद्धांतों को मजबूत किया।

### ग्रामीणों को योग का कराया अभ्यास



**रायपुर।** अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर धरसींवा विकासखंड स्थित शासकीय प्राथमिक शाला कांटाडीह में शनिवार को योगाभ्यास कार्यक्रम हुआ।



कार्यक्रम में स्कूली बच्चों, पालकों, स्कूल प्रबंधन समिति के सदस्यों, पंचायत प्रतिनिधियों सहित अन्य ग्रामीणों ने उत्साह के साथ भाग लिया। इस दौरान ग्राम पंचायत के पंच पुरुषोत्तम यादव एवं शिक्षक रमाकांत यादव ने ग्रामीणों को योग का महत्व बताते हुए सरल आसनों का अभ्यास कराया। कार्यक्रम में मणिलाल परमार, लीलेश्वर साहू, बुधा यादव, गुलापा साहू, तिलक दास मानिकपुरी, हेमलता दलाल, फौजिया अली, डीएस पटेल आदि शामिल हुए।

### पर्यावरण संरक्षण के लिए रोपेंगे 2500 पौधे

**रायपुर।** कार्यालय पूज्य छग सिंधी पंचायत गुरुद्वारा रोड तेलीबांधा में शनिवार को प्रेसवार्ता का आयोजन किया गया, जिसमें आयोजक छग सिंधी पंचायत के अध्यक्ष महेश दरयानी ने बताया कि पर्यावरण के बिगड़ते स्वरूप को देखते हुए सिंधी समाज में जागरूकता फैलाने, सचेत करने, आने वाली पीढ़ियों के लिए ऑक्सीजोन निर्माण करने, दिनेश आनंद फार्म हाउस परसदा-4 में वृक्षारोपण के आयोजन का निर्णय लिया गया है। कार्यक्रम के संचालक व संयोजक दिनेश अठवानी ने बताया, अधिक आयुवर्ग के लगभग 2500 पौधों का रोपण किया जा रहा है, जिसमें नीम, पीपल, बरगद, आम, आंवला, सीताफल, अमरूद, चीकू, मौलश्री व अन्य फलदार वृक्ष शामिल हैं।

# आज से नारी शक्ति से जल शक्ति अभियान की शुरुआत

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

रायपुर जिले में जल संरक्षण व संवर्धन के लिए नारी शक्ति से जल शक्ति अभियान की शुरुआत की जा रही है। इस अभियान का 24 जून से आगाज होने जा रहा है। इस अभियान में पहली बार महिलाओं को जोड़ा जा रहा है, जो गांव-गांव चौपाल लगाकर जल संरक्षण और संवर्धन के लिए लोगों को जागरूक करेंगी। इस अभियान को लेकर प्रशासन ने कार्यक्रम भी जारी किया है। इसके तहत 24 से 28 जून तक विविध कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।

### गांव-गांव में जल संरक्षण और संवर्धन के लिए महिलाएं चलाएंगी मुहिम



### 11 हजार महिला समूह निभाएंगे भागीदारी

जिले के 11 हजार से अधिक महिला समूह इस अभियान में भागीदारी निभाएंगे। इस अभियान से जुड़ने वाले महिला समूह को जल वाहिनी दीदियां का नाम दिया गया है। ये वाहिनी दीदियां ग्राम पंचायतों में सभा आयोजित करेंगी और बच्चों से लेकर युवाओं-बुजुर्गों सभी को जल संरक्षण के लिए शपथ दिलाएंगी।

### 25 को जागरूकता रैली

इस अभियान के तहत होने वाले कार्यक्रम की रूपरेखा तैयार की गई है। इसके तहत 24 जून को जल चौपाल व शपथ दिलाई जाएगी, 25 जून को रैली, बैनर एवं दीवालों में लेखन से प्रचार-प्रसार कर घरों में वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम, सोकपिट एवं नलकुओं में रीचार्ज स्ट्रक्चर के बारे में लोगों को जागरूक किया जाएगा। इसी प्रकार 26 जून को जल स्त्रोतों की सफाई, शासकीय भवनों में वाटर हॉर्वेस्टिग सिस्टम, पेयजल के स्त्रोतों के पास सोखता गड्ढों की साफ-सफाई एवं निर्माण, नालों में गाद की सफाई, कुओं की सफाई तथा 27 जून को वृक्षारोपण एवं सोकपिट का निर्माण, वर्षा जल को संचित करने रीचार्ज पिट, डाईक का निर्माण और 28 जून को जल की गुणवत्ता की जांच और मल्चिंग, फसल चक्र और जैविक खेती की तकनीकों को बढ़ावा देने के लिए मिट्टी की नमी को संरक्षित करने, कृषि में पानी को कम करने, साथ ही मृदा में नमी मात्रा का परीक्षण एवं नालों में जलबहाव की मात्रा का परीक्षण किया जाएगा। विदित हो कि इस अभियान को लेकर कलेक्टर गौरव सिंह बैठक ले चुके हैं। इस बैठक में उन्होंने अधिकारियों को अभियान को लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए हैं।

### पूर्व सीएम बघेल को नवरंगे के पिता, भाई ने आवेदन देकर लगाया गंभीर आरोप

# बलौदाबाजार घटना में कांग्रेस नेताओं का नाम लेने पुलिस बना रही दबाव

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कहा, गिरौदपुरी के महकोनी गांव में 15-16 मई को जैतखाम को क्षति पहुंचाई गई थी। उसके बाद 10 जून को बलौदाबाजार में विरोध प्रदर्शन हुआ। आयोजनकर्ता में से एक किशोर नवरंगे को पुलिस ने गिरफ्तार किया है, वो पुलिस रिमांड पर है। उसके पिता, भाई और जीजा के साथ सतनामी समाज के लोगों ने मुझसे मिलकर आवेदन दिया है। आवेदन में कहा गया कि उसके साथ मारपीट की जाकर मानसिक प्रताड़ता दी जा रही है। गंभीर बात यह है कि वो कह रहे हैं कि कांग्रेस के बड़े नेताओं का नाम ले, तो उन्हें छोड़ देंगे। उससे गंभीर बात यह है कि वहां कलेक्टोरेट ले जाते हैं, रोज शाम को वीडियोग्राफी करते हैं। उसके हाथ में पत्थर पकड़ाया जाता है, उसे फिंकवाते हुये, उसे डंडा पकड़ाते हैं, उसे मारते हुये वीडियोग्राफी कर रहे हैं। पूर्व सीएम ने शनिवार को अपने सिविल लाइंस के बंगले में संवाददाताओं से चर्चा में कहा, पीड़ति के परिजनों का आवेदन आया है, वो बहुत ही गंभीर है। समाज की जो मांग है, जैतखाम को किसने क्षति पहुंचायी, उस पर पुलिस जांच नहीं कर रही है, बल्कि इस घटना को दूसरी दिशा में ले जाने का षड़यंत्र किया जा रहा है। कांग्रेस नेताओं का नाम लो, इस प्रकार के दबाव बनाने का कृत्य पुलिस कर रही है। उन्होंने इसे घोर निंदनीय बताने हुए कहा, घटना की निष्पक्ष जांच हो, इस प्रकार से प्रताड़ति नहीं किया जाना चाहिये। जिन्होंने गलत किया है, उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाये।

- जांच में दूध का दूध व पानी का पानी होने जा रहा, उससे घबराकर अनर्गल आरोप लगा रहे : रंजना





### विधायकों की कमेटी से हो जांच

बलौदाबाजार की जो घटना हुयी और जो अभी मेरे पास आवेदन आया, मेरा मानना है कि जो निरापराध है उसकी गिरफ्तारी नहीं होनी चाहिये। भाजपा के समर्थक लोगों को पुलिस क्यों नहीं पकड़ रही है? पुलिस भाजपा के इशारे पर काम कर रही है। उन्होंने आरोप लगाया कि मामले में भाजपा और आरएसएस के लोगों ने षड्यंत्र किये हैं। मामले में निष्पक्ष जांच होनी चाहिये। विधानसभा में विधायकों की कमेटी बनाई जानी चाहिये।

### क्या भूपेश हिंसा का नेतृत्व कर रहे थे : रंजना

भारतीय जनता पार्टी की प्रदेश प्रवक्ता व पूर्व विधायक, बलौदा बाजार घटना की जांच समिति की सदस्य रंजना साहू ने पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के अनर्गल प्रलाप पर पलटवार करते हुए कहा, बलौदाबाजार में जितनी हिंसा हुई, उससे उनका पेट नहीं भरा है। वे अभी भी आग लगाने का काम कर रहे हैं। उन्होंने कहा, जिस प्रकार से आरोपियों के रिश्तेदार उनके पास पहुंच रहे हैं, उससे यह बात और पुख्ता हो रही है कि घटनाक्रम की पूरी रिपोर्टिंग भूपेश बघेल को भी हो रही थी। उन्होंने कहा, बलौदाबाजार की दुर्भाग्यपूर्ण हिंसा व आगजनी के पीछे नेतृत्व वही कर रहे थे और अब चूंकि जांच चल रही है, उससे वे घबरा रहे हैं और घबराहट में यह अनर्गल प्रलाप रहे हैं।

### यह सुनियोजित राजनीतक षड्यंत्र

रंजना साहू ने कहा, बलौदाबाजार में हुई आगजनी की भीषण वारदात एक सुनियोजित राजनीतिक षड्यंत्र है और इसमें कांग्रेस की संलिप्तता से इनकार नहीं किया जा सकता। प्रदेश सरकार की प्रारंभिक जांच भी इसी दिशा में स्पष्ट संकेत कर रही है। कांग्रेस ने आंदोलन को हिंसक दिशा देने की सुनियोजित तैयारी की थी। तथाकथित आंदोलनकारियों के आने-जाने के लिए वाहन, 15 हजार लोगों के भोजन की व्यवस्था की थी। साजिश में संलिप्तता का खुलासा होने पर राजनीतिक नौटंकियां करके दबाव बनाने की कांग्रेसियों की ओछी राजनीति अब सफल नहीं होगी।

# राशनकार्डों का नवीनीकरण करने ई-केवायसी 30 तक कराएं

70 लाख राशन कार्डों का नवीनीकरण पूरा



हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग के निर्देशानुसार प्रदेश में प्रचलित राशनकार्ड के नवीनीकरण एवं राशनकार्डधारियों का ई-केवायसी किया जा रहा है। प्रदेश के समस्त श्रेणी के राशनकार्ड अन्त्योदय, प्राथमिकता, एकल निराश्रित, निशक्तजन और एपीएल योजना के राशनकार्डधारियों का ई-केवायसी एवं राशनकार्डों का नवीनीकरण 30 जून तक अनिवार्य रूप से कराने कहा गया है।

खाद्य विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार राशनकार्ड नवीनीकरण करने के लिये ई-केवायसी कराना अनिवार्य है। वर्तमान में प्रदेश में लगभग 77 लाख राशनकार्ड हितग्राही हैं। अब तक 70 लाख राशन कार्डधारकों का नवीनीकरण किया जा चुका है। नवीनीकरण के कार्य में पहले पायदान पर बीजापुर जिला है। कुल हितग्राही 71,368 हितग्राहियों में से 71,145 हितग्राहियों ने, द्वितीय स्थान पर नारायणपुर जिला 36,167 हितग्राहियों में से 35,831 हितग्राहियों ने, इसी प्रकार तृतीय स्थान पर सुकमा जिला 78752 हितग्राहियों में से लगभग 78 हजार हितग्राहियों ने अपना राशन कार्ड नवीनीकरण का कार्य करवा लिया है। विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार राशनकार्ड नवीनीकरण के लिए खाद्य विभाग द्वारा खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग का नया मोबाइल एप्प तैयार किया गया है, इसे प्ले स्टोर में जाकर डाउनलोड किया जा सकता है। हितग्राही द्वारा खाद्य विभाग की वेबसाइट से डाउनलोड करके नवीनीकरण का कार्य किया जा सकता है।

### राशन दुकानों में निःशुल्क सुविधा

ई-केवायसी के लिए प्रत्येक हितग्राही का बायोमेट्रिक अद्यतन होना चाहिए। जिन सदस्यों का बाल आधार बना है, उन्हें पहले आधार सेवा केंद्र से अपना बायोमेट्रिक अपडेट कराना होगा इसके बाद उचित मूल्य दुकान की ई-पॉस मशीन से ई-केवायसी करा सकते हैं। राशनकार्ड में ई-केवायसी और नवीनीकरण की सुविधा निःशुल्क है।

# बैकलॉग के सभी पदों पर प्रमोशन का लाभ देने की मांग, कैडर का एकजाई बनाएं डाटा

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर



बैकलॉग के सभी पदों पर प्रमोशन का लाभ देने व कैडर का डाटा एकजाई करने की मांग फिर से उठने लगी है। छत्तीसगढ़ अनुसूचित जनजाति शासकीय सेवक विकास संघ के साथ ही तीन अन्य संघों ने शनिवार को इस मामले को लेकर एकमत होने की जानकारी देते हुए आरएल ध्रुव, विनोद कुमार कोसले ने कहा कि सरकार को अब निर्णय लेना होगा। छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत मंडल आरक्षित वर्ग अधिकारी कर्मचारी संघ के साथ ही छत्तीसगढ़ अनुसूचित जाति जनजाति अधिकारी कर्मचारी संघ ने एकजुट होने का निर्णय लिया है। इसमें अब सोशल जस्टिस लीगल फाउंडेशन ने भी संयुक्त रूप से मांग मनवाने के लिए प्रयास शुरू किया है।

राज्य के चार कर्मचारी-अधिकारी संघों के पदाधिकारियों ने शनिवार को पत्रकारवार्ता में कहा कि छत्तीसगढ़ लोक सेवा (पदोन्नति) नियम 2023 के नियम 5 में नये नियम प्रतिस्थापित करके सूचना दी जाए। अभी मामले को लेकर कर्मचारियों व अधिकारियों में भ्रम की स्थिति है। मांग करते हुए कहा कि जब तक फैसला नहीं होता, तब तक वर्ष 2019 की भांति सभी तरह के प्रमोशन पर रोक लगाने आदेश जारी किया जाए। कैडर वाइज मात्रात्मक डाटा एकजाई करके ही विधि के तहत छत्तीसगढ़ लोक सेवा प्रमोशन नियम 2023 के नियम 5 को पुनः प्रतिस्थापित करके इसे स्पष्ट किया जाए। साथ ही अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति एवं अन्य पिछड़ा वर्गों का आरक्षण अधिनियम 1994 को भारतीय संविधान की 9वीं अनुसूची में शामिल करने संकल्प पारित करके राज्य सरकार केंद्र को भेजें। समय रहते मांगों पर विचार नहीं किया जाता है, तो कर्मचारी-अधिकारी आगामी दिनों में रणनीति बनाने के लिए बाध्य होंगे।

- विभिन्न कर्मचारी संगठनों ने संयुक्त रूप से पत्रकार वार्ता में रखी मांग

मुआवजे की राशि नगर निगम को ट्रांसफर करने की मांग

# उप मुख्यमंत्री साव से मिले महापौर ढेबर तात्यापारा चौड़ीकरण के लिए मांगे 137 करोड़

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

महापौर एजाज ढेबर और एमआईसी सदस्यों ने शनिवार को उप मुख्यमंत्री और नगरीय प्रशासन मंत्री अरुण साव से मुलाकात की। इस दौरान राजधानी के तात्यापारा-शारदा चौक सड़क चौड़ीकरण मुआवजा की राशि नगर निगम को जल्द ट्रांसफर करने की मांग की। साव को सौंपे पत्र में एजाज ढेबर ने कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने तात्यापारा सड़क चौड़ीकरण के लिए 137 करोड़ की स्वीकृति दी थी। यह राशि लोक निर्माण विभाग के पास उपलब्ध है।

करीब डेढ़ दशक से अटके तात्यापारा से शारदा चौक सड़क चौड़ीकरण के मामले को लेकर महापौर एजाज ढेबर एमआईसी सदस्यों के साथ नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग मंत्री अरुण साव से मिले। योजना की प्रशासकीय स्वीकृति के बाद प्रोजेक्ट पर काम शुरू नहीं होने से शहरवासियों को आए दिन इस मार्ग पर सुबह से शाम तक ट्रैफिक जाम की समस्या से जूझना पड़ रहा है। रोड चौड़ीकरण के लिए पूर्व कांग्रेस शासनकाल में राज्य सरकार ने बजट में इसका प्रावधान किया था। साथ ही प्रस्ताव को प्रशासकीय मंजूरी भी दी थी। इसी को आधार मानकर महापौर एजाज ढेबर और उनकी परिषद के सदस्यों ने उप मुख्यमंत्री अरुण साव से मिलकर पत्र सौंपा। पत्र में महापौर ने कहा कि कुछ दिन पहले एमआईसी सदस्यों और पार्षदों के साथ प्रभावित व्यापारियों से चर्चा की थी। इसमें व्यापारियों ने उनसे कहा था कि मुआवजे की राशि दिलाने के बाद आगे की कार्यवाही की जाये।



### वार्डों के विकास कार्य के लिए मांगे 20 करोड़

महापौर ने एमआईसी सदस्यों और पार्षदों के साथ नगरीय प्रशासन मंत्री को पत्र देकर रायपुर नगर निगम के 70 वार्डों के विकास कार्यों के लिए कुल 20 करोड़ का अनुदान तत्काल उपलब्ध कराने का आग्रह किया। विदित हो, महापौर एजाज ढेबर और एमआईसी सदस्यों ने इससे पूर्व मुख्य सचिव अमिताभ जैन से मुलाकात कर उनसे इस प्रोजेक्ट को लेकर चर्चा की थी। सूत्रों के मुताबिक इस दौरान मुख्य सचिव ने यह बात स्पष्ट कर दी थी कि शारदा चौक सड़क चौड़ीकरण के लिए 4 करोड़ रुपये की टोकन मनी जमा है। मुख्य सचिव से मुलाकात कर पत्र सौंपने वालों में वरिष्ठ एमआईसी सदस्य श्रीकुमार मेनन, ज्ञानेश शर्मा, समीर अख्तर, जितेन्द्र अग्रवाल, सुरेश चन्नावार, सुंदर जोगी, पार्षद प्रतिनिधि राधेश्याम विभार, देवेन्द्र यादव, डॉ. अन्नूराम साहू, जोन अध्यक्ष घनश्याम क्षत्री शामिल रहे।

### जिले में 87 समितियों में सैकड़ों सोसायटियों में शार्टेज की समस्या

# कई सोसायटियों में नाम मात्र का खाद, बोनी पिछड़ने की चिंता

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

जिले में खेती किसानी के शुरूआती समय में खाद की संकट उत्पन्न हो गई है। जिला सहकारी बैंक में प्रभारी सीईओ के भरोसे बैंक का संचालन किया जा रहा है। अफसर सिर्फ दफ्तर में बैठकर मानिटरिंग कर रहे है। जबकि जमीनी स्तर पर किसान डीएपी, यूरिया सहित विभिन्न खाद की कमी से जूझ रहे है, कई सोसायटी में सिर्फ नाममात्र का खाद रह गया है। जिले में 87 सोसायटियों जिले में डिमांड के अनुसार खाद की आपूर्ति नही होने से किसान परेशान है। इधर कृषि विभाग द्वारा डीएपी के भंडारण के टारगेट को कम करते हुए 17225 से 16700 टन कम कर दिया गया है। खेती किसानी की शुरूआती दौर में डीएपी और यूरिया खाद की जबरदस्त मारामारी की स्थिति निर्मित हो गई है। दुर्ग जिले के सैकडों सोसायटी में डीएपी सहित यूरिया खाद का शार्टेज हो गया है। विगत दिनों जिला पंचायत में सामान्य सभा की बैठक में खाद की किल्लत को लेकर सदस्यों ने हंगामा भी मचाया था।

### यहां पोटाश की समस्या

तिरगा, थनौद, सिरसा, कोडिया (दुर्ग), कोहका, नगपूरा, रसमड़ा, हिर्री, बरहापुर, रहटादाह, अहिवारा, मांटरा, मुरमुंदा, नारधा, लिमतरा, भिलाई 3, पंदर, सोरम, जामगांव (आर), बटरेल, भरर, कुम्हली, सुरपा, फुन्डा, गाडाडीह, जामगांव एम के किसान भटक रहे हैं।




### डीएपी के लिए यहां समस्या

जिले में सबसे ज्यादा दिक्कत डीएपी को लेकर सामने आ रही है। हरिभूमि द्वारा जानकारी जुटाने पर पता चला कि ननकटठी, करंजा भिलाई, कोडिया, अहेरी, रिसामा, कोहका, बिरेझर, धमधा, देवरी, घोठा, पेण्ड्रावन, रौंदा, राजपुर, कन्हारपुरी, लिटिया, खिलौराकला, अहिवारा, मोहरेंगा, पाहरा, मुरमुंदा, गोढ़ी, ओटेबंद, नंदौरी, भिलाई 3, औंधी, पंदर, बठेना, सोरम, डगनियां, कुम्हली, सुरपा, बोरीगारका, फुन्डा, मर्रा, गाडाडीह, सांतरा, जामगांव-एम, झींट, डीडाभाठा, कुर्मीगुण्डरा, बोरिद है।

### डीएपी और यूरिया में कटौती

यूरिया का भंडारण पिछले साल 26773 किया गया था, जिसे कम कर 26600 टन कर दिया गया है। जिले में ऐसे सोसायटी जहां दस टन से कम खाद उपलब्ध है। इसमें युरिया की किल्ल्त तिरगा, ननकटठी, करंजा भिलाई, कोडिया, कुथरेल, निकुम, कोहका, नगपूरा, टेमरी, हिर्री, बरहापुर, घोठा, घोटवानी, पेण्ड्रावन, कन्हारपुरी, डोड़की, खिलौराकला, अहिवारा, मुरमुंदा, नारधा, कुम्हारी, ओटेबंद, लिमतरा, बठेना, सोरम, बटरेल, भरर, बेल्हारी, सुरपा, गाडाडीह, जमराव, घुघुवा, बोरिद शामिल है। इसी तरह सु.फा. की किल्लत तिरगा, थनौद, कोलिहापुरी, ननकटठी, करंजा भिलाई, कुथरेल, रसमड़ा, टेमरी, बरहापुर, रहटादाह, घोटवानी, राजपुर, कन्हारपुरी, डोड़की, अहिवारा, मुरमुंदा, नारधा, गोढ़ी, औंधी, पाटन, बठेना, सोरम, जामगांव (आर), कुम्हली, फूंडा, झींट, बोरिद शामिल है।

# शहर का कचरा गांव में हो रहा डंप, सीईओ ने लिखा पत्र

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

शहर से निकलने वाली कूडा करकट को नगरनिगम दुर्ग द्वारा गांव में डंप किया जा रहा है। गंदगी और कचरों के यहां डंप होने से गांव में दुर्गंध और महामारी की स्थिति निर्मित हो सकती है। ग्रामीणों ने विधायक ललित चंद्राकर और दुर्ग निगम प्रशासन से यहां कचरा नही डालने की मांग कर चुके है। इसके बाद भी कंचरा डंप करने का सिलसिला जारी है। इस मामले में दुर्ग जनपद सीईओ ने दुर्ग निगम प्रशासन को पत्र भी लिखा है। जानकारी अनुसार दुर्ग शहर से निकलने वाले कचरे को इन दिनों मुख्यालय से लगे गांव अंडा और हनौदा में डंप किया जा रहा है। अंडा में जहां कचरा डंप किया जा रहा हैं, वही पास में स्टेडियम भी है। जहां रोजाना दस गांव के खिलाडी यहां आते है। यहां सेना में जाने से संबंधित प्रशिक्षण लेते है। लेकिन पिछले कई दिनों से पास में ही कूडा करकट डंप किए जाने से ग्रामीण दुर्गंध से हालाकान है। ग्रामीणों का कहना है कि, निजी जमीन पर कचरा डंप किए जाने से गांव में महामारी फैल सकती है। शिकायत के बाद दुर्ग जनपद सीईओ रूपेश कुमार पाडेय ने नगरनिगम दुर्ग और रिसाली नगर पालिका निगम रिसाली को पत्र लिखकर गांव में निपटान को बंद कराने निर्देश दिए है।

- खेल मैदान सहित गांव में दुर्गंध से ग्रामीण हो रहे हलाकान

## खबर संक्षेप

### कांग्रेस का आभार प्रदर्शन कार्यक्रम आज

**डौंडीलोहारा।** पूर्व मंत्री एवं विधायक अनिला भेंडिया की उपस्थिति में 24 जून को 11 बजे स्थानीय कांग्रेस भवन में आभार प्रदर्शन का कार्यक्रम रखा गया है। इस दौरान नगरीय निकाय एवं त्रि-स्तरीय पंचायत चुनाव के संबंध मे भी चर्चा की जाएगी। आगामी चुनावों में भी उत्साह बनाये रखने के लिए सभी कार्यकर्ताओं को आमंत्रित किया गया है।

### आमा तालाब सौंदर्यीकरण उपमुख्यमंत्री को सौंपा ज्ञापन

**रायपुर।** देवपुरी स्थित आमा तालाब में सीसी रोड निर्माण और सौंदर्यीकरण की मांग को लेकर आमा तालाब विकास एवं संरक्षण समिति के एक प्रतिनिधिमंडल ने शनिवार को उप मुख्यमंत्री तथा नगरीय प्रशासन एवं विकास मंत्री अरुण साव से मुलाकात कर ज्ञापन सौंपा। इसी दौरान प्रतिनिधिमंडल ने बताया कि आमा तालाब क्रमांक 1 एवं क्रमांक 2 दोनों तालाब जो कि आसपास लगे हुए हैं, तालाब के चारों ओर सीसी रोड एवं पाथवे का निर्माण किया जाना है, जिससे लोगों को मॉर्निंग वॉक एवं इवनिंग वॉक की सुविधा मिल सके। इसकी लंबाई एवं चौड़ाई लगभग 6 मीटर प्लस 600 मीटर है। दोनों तालाब से देवपुरी बस्ती के अलावा टॉवर, हर्ष विला, देवनगर एवं माता कौशल्या विहार का आवासीय क्षेत्र लगा हुआ है। इसके अलावा दोनों तालाबों के चारों तरफ दो से तीन स्थान पर पचरी निर्माण की आवश्यकता है। जिस पर मंत्री ने उचित कार्यवाही का आश्वासन दिया। मुलाकात करने वालों में एनआर नायडू, हिरेंद्र देवांगन, ऋषि बारले, पीके साहू, आईपी खटीक, खेदूराम साहू, आरडी दाहिया, शंकर गिलहरे, गजेंद्र साहू, जियाउल हक, तिहारू साहू, वीरेंद्र यादव, बी. देवनाथ, उमेश साहू, गौकरण साहू, डीके सरकार एवं केके सिंह उपस्थित थे।

### पिछड़ा वर्ग आयोग में सदस्यों की नियुक्ति की मांग

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ पिछड़ा वर्ग अधिकारी-कर्मचारी संघ के पदाधिकारियों ने पिछड़ा वर्ग आयोग में अध्यक्ष और सदस्यों की नियुक्ति की मांग मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय से की है। इस मौके पर संघ के प्रांताध्यक्ष अनिल सिन्हा ने बताया कि छत्तीसगढ़ राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग, जो कि राज्य के पिछड़े वर्ग के नागरिकों के हितों के लिए गठित है, लंबे समय से अध्यक्ष और सदस्यों की नियुक्ति न होने से उनके पूर्व में लंबित प्रकरणों की सुनवाई नहीं हो पा रही है, वहीं व्यथित व्यक्ति नया आवेदन नहीं कर पा रहे हैं। इसलिए राज्य के पिछड़े वर्ग के नागरिकों को शीघ्र न्याय मिल सके, इसे दृष्टिगत रखते हुए यथासंभव शीघ्र ही अध्यक्ष एवं सदस्यों की नियुक्ति करने की मांग की है।

### जागृति मंडल में मनाया समक्ष का स्थापना दिवस

**रायपुर।** डॉ. हेडगेवार जनशताब्दी समिति फिजियोथेरेपी सेंटर द्वारा संघ कार्यालय जागृति मंडल में गत दिनों समक्ष का 16वां स्थापना दिवस मनाया गया। कार्यक्रम में करीब 30-32 लोग शामिल हुए। इस मौके पर मुख्य अतिथि विधायक पुरंदर मिश्रा ने समक्ष द्वारा दिव्यांगता के क्षेत्र में किए गए कार्यों की प्रशंसा की। इसी दौरान अतिथियों का परिचय दिया गया। कार्यक्रम में अविनाश चटर्जी, सतीश कुमार, डॉ. रोहन दीक्षित, डॉ. संगीता कश्यप, शिवनाथ ठाकुर, नरेंद्र जैन, रामजी राजवाड़े, पुरषोत्तम जैन आदि शामिल हुए।

**आयोजन : स्वस्थ जीवन के लिए लोगों ने किया योग, दिनचर्या में शामिल करने की ली शपथ**

# प्रजापिता ब्रम्हाकुमारी ईश्वरीय विवि में मना योग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय आत्मज्ञान भवन आमापारा बालोद में 21 जून को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस मनाया गया। इस दौरान ब्रह्माकुमारी ने कहा कि योग अर्थात जोड़, मिलन या संबंध, आत्मा का जब परमात्मा के योग होता है तो आत्मा के अंदर की सारी विकृतियां समाप्त हो जाती है, दिव्य गुण और शक्तियों का विकास होने लगता है।

प्राचीन काल से ही योग हमारी संस्कृति और दिनचर्या का अभिन्न अंग रहा है परंतु धीरे–धीरे भौतिकवादी संस्कृति के विकास के साथ ही योग के प्रति हमारा दृष्टिकोण भी बदल गया है। सबसे बड़ी भौतिकता है स्वयं को पांच तत्वों से निर्मित शरीर समझना। जब मनुष्य स्वयं को आत्मा भूलकर शरीर समझने लगा तो योग के प्रति उसका दृष्टिकोण भी बदल गया। इसलिए योग के नाम पर शरीर को निरोग बनाने वाले विभिन्न शारीरिक योगासन, शारीरिक मुद्राएं और हठयोग प्रचलित हो गए।

वर्तमान समय में प्रचलित अधिकांश योगाभ्यास बनकर रह गए है परन्तु योग का वास्तविक अर्थ होता है–दो अलग–अलग अस्तित्व वाली संख्या का योग।






आज ऐसे योग की आवश्यकता है जो इस भौतिक शरीर को संचालित करने वाली चैतन्य सत्ता 'आत्मा' को स्वस्थ और पवित्र बनाते हुए परमात्मा से मिलन कराकर सच्ची सुख, शान्ति और खुशी की अनुभूति करा सके।

## लोगों ने योग के विभिन्न आसनों का किया अभ्यास

**डौडीलोहारा।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय किल्लेकोडा के प्रांगण में दशम अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस का आयोजन अजय मुखर्जी प्राचार्य के संरक्षण व सी.जी. पटेल (व्याख्याता) के निर्देशन में संपन्न हुआ। इस अवसर पर पटेल सर द्वारा विभिन्न प्रकार के योग कराए गए जिनमें प्रमुख रूप से उत्तरापादासन ,ग्रीवा संचालन, कपालभारती, प्राणायाम, वक्रासन, मंडुकासन, हलासन, ग्रीवा संचालन ,भ्रामरी, प्राणायाम, उत्तानपाद आसन ,त्रिकोणासन, अनुलोम - विलोम,सिंहासन आदि। इस अवसर पर मुखर्जी सर ने कहा कि योग से बहुत सारे बीमारियां समाप्त हो जाती है। इसके करने से मधुमेह, बीपी, रक्तचाप, मोटापा, थायराइड, आदि बीमारियों से व्यक्ति को निजात मिलता है। तत्पश्चात वाय. एस.मरकाम (वरिष्ठ व्याख्याता )ने कहा योग का मुख्य उद्देश्य लोगों को बीमारियों से बचाना है अगर नित्य इस प्रक्रिया को अपनाया जाए तो वे निरोगी बन सकते हैं। कार्यक्रम पर संचालन डॉक्टर बी .एल .साहसी (व्याख्याता )ने किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि अगर व्यक्ति को स्वस्थ रहना है, और ऊर्जावान बनना है ,तो उनको प्रतिदिन सुबह उठने के बाद योगा करना चाहिए, क्योंकि इससे दिन भर के लिए एनर्जी बनी रहती है। आभार प्रदर्शन त्रिजला ठाकुर मैडम ने किया। इस अवसर पर समस्त स्टाफ उपस्थित थे, जिनमें सर्व श्री जे.पी .बांधव (व्याख्याता) ,हेमेंद्र साहू (व्याख्याता) ,ललित देवहारी, श्रवण यादव, खगेश ठाकुर, तथा कुशल देवदास कुछ ग्रामीण जन भी आए हुए थे जिनमें प्रमुख रूप से रावेन्द्र मंडावी( सचिव )चेतन सहारे( रोजगार सहायक) की उपस्थिति रही है।





## धनगांव में मना योग दिवस

**डौंडीलोहरा।** 10 वे अंतराष्टीय योग दिवस पर शासकीय प्राथमिक शाला धनगांव में योगाभ्यास हुआ। योगाचार्य विषम्भर सिंह बगमरिया ने बताया कि योग से मन, शरीर और आत्मा सुदृढ़ बनती है। बच्चों को विभिन्न प्रकार के आसन जैसे जोगिक, सूर्य नमस्कार, तडासन, वृक्षासन, वज्रासन, शशांक आसन, पवन मुक्ता सन, कपालगमभाती, भ्रमारी प्राणायाम, सूर्य ध्यान,नाड़ी शोधन प्राणायाम के बाद संकल्प व शांति पाठ के साथ समापन किया गया। 10 वे अंतराष्टीय योग दिवस को सफल बनाने में सरपंच श्री तोषण कुमार चरेंद्र, श्रीमती धनेश्वरी सोनवानी, टेमेश्वर श्रीवास, योगेश कुमार लाटेन्द, पूर्णे सर जी का विशेष सहयोग रहा ।



## भोथली में मना योग दिवस

**अंडा।** दुर्गग्रामीण विधानसभा क्षेत्र के ग्राम पंचायत भोथली में 21 जून को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस मनाया गया। इस दौरान वक्ताओं ने कहा कि यह दिन न केवल योग की प्राचीन भारतीय परंपरा को सम्मानित करता है, बल्कि शारीरिक, मानसिक और आध्यात्मिक स्वास्थ्य पर इसके गहरे प्रभाव को भी दर्शाता है। ऐसे में आप अपने दोस्तों और करीबियों को कुछ संदेश भेज सकते हैं। योग करना हमारे शरीर के लिए लाभदायक होता है। हर मनुष्य को रोज कम से कम 20 मिनट योग जरूर करना चाहिए। इस अवसर पर सरपंच ग्राम पंचायत भोथली सुरेश कुमार साहू ,नरेश्वर सिंह मुजेवर सचिव, गिरवर साहु ,मोरध्वज साहू ,कुलेश्वर प्रसाद, हरिचरण साहू ,बिरेन्द सेन ,अशोक निषाद, काशी साहू , चन्दन साहू शिक्षक सहित ग्रामीण उपस्थित थे।



# गुंडरदेही में शिक्षकों को दिया गया बुनियादी साक्षरता और संख्यात्मक ज्ञान का प्रशिक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद/कलंगपुर

राज्य शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद रायपुर द्वारा आयोजित चार दिवसीय बुनियादी साक्षरता एवं संख्यात्मक ज्ञान प्रशिक्षण का प्रथम चरण गुण्डरदेही जोन में संपन्न हुआ।

इस अवसर पर विकासखंड शिक्षा अधिकारी नवीन कुमार यादव, एबीईओ श्रद्धा ठाकुर ने राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 पर प्रकाश डाला तथा एफएलएन की सफलता के लिए विद्यालय प्रिंट रिच वातावरण, नेतृत्व क्षमता, पालक व सामुदायिक सहभागिता तथा प्रोत्साहन को महत्वपूर्ण बताया एवं समय के साथ सभी शिक्षकों को अपडेट रहने निर्देशित किया।

डाइट से संगीता साहू ने इस प्रशिक्षण को स्कूल में क्रियान्वयन कर प्रभावी परिणाम प्राप्त करने की अपेक्षा की। गुण्डरदेही ब्लॉक के बीआरसीसी किशोर साहू एवं एकेडमी कोऑर्डिनेटर सनत वर्मा एवं तीसरे दिन एलएलएफ से डीएसी उत्तम साहू ने बताया की भाषा के चार खंड मौखिक भाषा, डिकोडिंग, पठन, लेखन एवं गणित के चार खंड मौखिक गणित बातचीत, मुख्य दक्षता पर कार्य, मुख्य दक्षता पर कौशल अभ्यास, खेल खेल में गणित के कौशल पर फोकस करते हुए इसके चार ब्लॉक मॉडल बताए एवं रोचक प्रभावी गतिविधियों के माध्यम से प्रेरित किया कि शिक्षक स्वयं करके देखें एवं ऐसा करने के लिए बच्चों को भी प्रेरित करें। साथ ही प्रतिदिन कार्य योजना बनाना तथा पाठ्य पुस्तक, अभ्यास पुस्तिका एवं शिक्षक संदर्शिका का समन्वय करते हुए कहा कि इससे हमें प्रतिदिन यह ज्ञात होगा कि आज की कार्य योजना क्या है तथा इस पर कार्य करते हुए हम हर सप्ताह के अंत में मैने सीख लिया पर बच्चों का आंकलन, ट्रेकर में दर्ज करते हुए समूह निर्माण कैसे करे इस पर विस्तारपूर्वक चर्चा हुई।





### 6 बिंदुओं को लेकर हुई चर्चा

कमजोर बच्चों के लिए विषय मित्र, गली मित्र, लर्निंग पिरामिड, पुस्तकालय प्रबंधन, नवा जतन, ई–जादूई पिटारा आदि पर कार्य करने की विस्तार से जानकारी दी गई तथा सफलता के छह बिंदु 6ब अंतर्गत गहन चिंतन, सृजनात्मकता, सहयोग चुनौती लेते हुए कहा कि एफएलएन तकनीक के माध्यम से वे बच्चों को भाषाई एवं गणितीय कौशल देने में अवश्य ही कामयाब होंगे। इस अवसर पर एसआरजी लक्ष्मीनारायण साहू एवं शैलेंद्र पाण्डेय, डीआरजी सुभाष गजेंद्र, भूषण साहू, डॉ .पुष्पलता चंद्राकर, गीतिका महोबिया, पूजा साहू, भारती सिंह, नीलकंठ पटेल, मीनू ठाकुर, सनत देशमुख, कृष्णकुमार सिंह, बिमलेश्वरि साहू, पितेश्वर साहू मास्टर ट्रेनर के रूप में प्रशिक्षण दिया। पहले चरण में 135 शिक्षकों की सहभागिता रही। प्रशिक्षण का दूसरा चरण 24 जून से प्रारंभ होगा।

# शत-प्रतिशत रहा पुकेश्वर सिंह भारदीय कॉलेज का परिणाम



**अंडा।** पुकेश्वर सिंह भारदीय शासकीय महाविद्यालय निकुम में बीएससी अंतिम वर्ष का परीक्षा परिणाम शत प्रतिशत रहा। बीएससी अंतिम वर्ष में कुल 28 छात्र-छात्राएं शामिल हुए, जिनमें 27 विद्यार्थियों ने प्रथम श्रेणी से परीक्षा उत्तीर्ण की एवं एक विद्यार्थी को द्वितीय श्रेणी प्राप्त हुआ। पूजा देवांगन 78 प्रतिशत अंकों के साथ प्रथम स्थान पर रही। 75.4 प्रतिशत के साथ द्वितीय स्थान पर संयुक्त रूप से दुर्गा साहू एवं नेहा चेलक तथा गजेंद्र साहू 73.2 प्रतिशत के साथ तृतीय स्थान पर रहे।

## देर रात तक हुई बूंदाबांदी, पाटन सहित कई इलाकों में भारी बारिश

**रायपुर।** सरगुजा को छोड़कर राज्य में सक्रिय हो चुके मानसून के प्रभाव से बारिश का दौर प्रारंभ हो चुका है। शुक्रवार रात राजधानी में काफी देर बूंदाबांदी का दौर चलता रहा। पाटन सहित कई इलाकों में भारी बारिश भी हुई। अगले तीन दिन में छिटपुट वर्षा सीमित दायरे में होगी। मौसम विशेषज्ञों का कहना है कि बंगाल की खाड़ी में बनने वाले सिस्टम का प्रभाव 26 जून के बाद नजर आएगा। उस दौरान राज्य में व्यापक रूप से बारिश होने की संभावना बन रही है। अभी मानसून के प्रभाव से केवल सरगुजा दूर है और शेष इलाकों में वर्षा का दौर जारी है। राजधानी रायपुर में शुक्रवार शाम सात बजे से बूंदाबांदी शुरू हुई जो देर रात तक चलती रही। दूसरी ओर कई इलाकों में छाए बादल जमकर बरसे। मौसम विभाग के आंकड़ों के अनुसार पाटन में सर्वाधिक दस सेमी., गुंडरदेही में 9, भाटापारा में 7 उसूर और बालोद में 6 तथा डेढ़ सौ से अधिक स्थानों पर अच्छी से मध्यम वर्षा का दौर चलता रहा। मौसम विशेषज्ञों ने बताया कि अभी दक्षिण पश्चिम मानसून की उत्तरी सीमा नवसारी, जलगांव, मण्डला, बालासोर, हल्दिया, पकुर, साहिबगंज, और रक्सौल है।

## इंडिगो एयरलाइंस ने किया व्यास ट्रैवल्स को सम्मानित

**रायपुर।** बेहतर प्रदर्शन के लिए इंडिगो एयरलाइंस ने व्यास ट्रैवल्स को सम्मानित किया है। एयरलाइंस कंपनी के सेंट्रल इंडिया के सेल्स इंचार्ज संजीत भट्टाचार्य, मध्यप्रदेश-छत्तीसगढ़ इंचार्ज विक्रांत देशमुख, छत्तीसगढ़ के सेल्स प्रमुख अभिषेक शर्मा ने व्यास ट्रैवल्स के संचालक हरेन्द्र व्यास, पंकज व्यास को इसके लिए सम्मानित किया। इस दौरान हरेन्द्र व्यास ने रायपुर से नए सेक्टरों के लिए विमान संचालित करने की मांग की।





## पेज 7 के शेष

### दानीटोला में तीन माह ...

समय नाली सफाई सहित अन्य कार्यों का मजदूरी भुगतान आज पर्यंत तक नही होने से ग्रामीण मजदूर भुगतान के लिए भटक रहे है , ग्राम पंचायत भवन में सचिव के स्थाई नहीं बैठने से इसी तरह की अनेक परेशानियों का सामना ग्रामीणों को करना पड़ रहा है ग्रामीणों ने बताया कि ग्राम पंचायत दानीटोला में लगभग ,15 वर्षो से पदस्थ सचिव का स्थानांतरण करते हुए उनका स्थायी पदस्थापना ग्राम पंचायत कुसुमकसा में कर दिया गया व अतिरिक्त प्रभार ग्राम पंचायत दानी टोला दिया गया था जिसके बाद जिला पंचायत बालोद द्वारा की गई सचिव की पदस्थापना का आदेश के तहत सचिव ने 14 मार्च को ग्राम पंचायत दानीटोला में ज्वाइनिंग तो कर लिया किंतु पूर्व पदस्थ सचिव द्वारा पदभार नही दिए जाने के कारण पंचायत का कार्य थम सा गया है। इस संबंध में जनपद पंचायत डोंडी के मुख्यकार्यपालन अधिकारी से उक्त संबंध में मोबाइल पर संपर्क करने का प्रयास किया गया किंतु हमेशा की तरह उनके द्वारा मोबाइल रिसीव नहीं किया गया।

### अधिवक्ताओं ने दुर्ग उपायुक्त ...

है एवं नियम बताकर अवैधानिक तरीके से पंजीयन को रोकने का प्रयास किया जाता है। वकीलों ने बताया कि उप पंजीयक कार्यालय की कार्यशैली से परेशान होकर यदि हितग्राही जिला कार्यालय में जाकर पंजीयन कराने का प्रयास करता है, तो जिला पंजीयक कार्यालय द्वारा पंजीयन नहीं किया जाता एवं उन्हें गुरूर भेज दिया जाता है। वकीलों ने शिकायत पत्र में लिखा है कि उप पंजीयक द्वारा गुरूर तहसील अंतर्गत प्रचलित आबादी भूमि का अंतरण संबंधी पंजीयन नहीं किया जाता है। तहसील क्षेत्र के ग्रामों की कृषकों से लगी हुई भूमि के छोटे टुकड़ों का अंतरण संबंधी पंजीयन कृषि भूमि के रूप में नहीं कर उसे वर्ग फीट या वर्ग मीटर में किए जाने के लिए बाध्य किया जाता है। शिकायत पत्र में यह भी कहा गया है कि पंजीयन का कार्य सुगमता से नहीं कर तकनीकी खामियां बताकर घुमाया जाता है। दानपत्र, हकत्यागनामा, कम कीमती विक्रय के पंजीयन के लिए पक्षकारों का पेन कार्ड अनिवार्य रूप से मांगा जाता है। शिकायत पत्र में यह भी कहा गया है कि आधार पहचान पत्र के आधार पर पंजीयन नहीं किया जाता। नकल प्रदान करने में विलंब किया जाता है। शिकायत पत्र सौंपने के दौरान अधिवक्ता जयभारतपुरी गोस्वामी, ऋषि सिन्हा, नारायण टुवानी, विनेश गजेन्द्र, सुरेन्द्र तिवारी, टुकेश्वर देवांगन, भागीरथी सिन्हा, चन्द्रप्रकाश जाधव, भारत मेश्राम सहित दो दर्जन वकील उपस्थित थे।



## खबर संक्षेप



### 450 से ज्यादा गौवंशों को लगाया गया गलघोंटू व एकटंगिया का टीका

**गुरूर।** पशु चिकित्सा विभाग द्वारा ग्राम चुल्हापथरा स्थित गौशाला में स्वास्थ्य शिविर लगाया गया। विभाग की टीम ने गौशाला के 450 से अधिक गौवंशों को गलघोंटू एवं एकटंगिया का टीका लगाया एवं पशुओं का स्वास्थ्य परीक्षण किया। पशु चिकित्सक डॉ. बीके विश्वकर्मा के साथ एव्हीएफओ श्रद्धा विश्वकर्मा, पैरावेट आशीष साहू, ड्रेसर नारायण निषाद, पीएआईडब्लू कांति साहू, खम्हन गंजीर, भागवत साहू, गोकरण साहू, शिवेन्द्र कुंजाम एवं एम्बूलेटर मेश साहू ने गौशाला के पशुओं को गलघोंटू एवं एक टंगिया का टीका लगाया। इस दौरान डॉक्टरों की टीम ने पशुओं का स्वास्थ्य परीक्षण किया। उन्होंने कृमि नाशक डी टीकिंग की दवाई प्रदान की। इस दौरान प्रबंधक तोरण साहू, अध्यक्ष भागवतराम गंजीर, गौसेवक हरीश साहू, तिजऊ राम यादव, जादूराम साहू का विशेष सहयोग रहा।

### मुकेश ने 79 वीं बार किया रक्तदान



**गुरूर।** सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में कार्यरत मुकेश यादव ने 79 वीं बार रक्तदान किया। इसके साथ ही उन्होंने अन्य लोगों से भी रक्तदान करने की अपील की। मुकेश यादव ने कहा कि मैं लगभग हर तीन महीने में रक्तदान कर रहा हूं। रक्तदान करने से कमजोरी नहीं आती। उन्होंने कहा कि रक्त का कोई विकल्प नहीं है जरूरतमंद को मानव का रक्त ही चढ़ाया जा सकता है। सभी स्वस्थ व्यक्ति को रक्तदान जरूर करना चाहिए। इससे रक्त की आवश्यकता वाले मरीजों को राहत मिलेगी एवं रक्त की कमी से किसी मरीज की जान नहीं जाएगी। रक्तदान को लेकर लोगों में भ्रामक जानकारी फैली हुई है, इसे दूर किया जाना जरूरी है।

### नए बाथरूम में पानी निकासी व्यवस्था नहीं

**रायपुर।** कलेक्टोरेट के राजस्व विभाग कार्यालय में बने बाथरूम को रेनोवेशन किया गया है। रेनोवेशन में लाखों रुपए खर्च कर बाथरूम को चकाचक बनाया गया है, लेकिन इसके बाद भी इस बाथरूम का उपयोग शून्य है। बाथरूम को रेनोवेशन करने का जिस ठेकेदार को ठेका दिया गया था, उसने बाथरूम को टेंडर के अनुसार चकाचक तो कर दिया है, लेकिन पानी निकासी के लिए व्यवस्था करना ही भूल गया है। इसके कारण इस बाथरूम के पूरे फर्स पर गंदा पानी भर जाता है। इसके कारण इस बाथरूम का कर्मचारी उपयोग ही नहीं कर पा रहे हैं। कर्मचारियों को मजबूरी में अब जिला पंचायत भवन की बिल्डिंग, रेडक्रास भवन या फिर रजिस्ट्री कार्यालय के बगल में बने स्मार्ट टॉयलेट में जाना पड़ता है, जिसके कारण उन्हें परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

## आयोजन : भाजपा कार्यकर्ताओं ने पार्टी के पितृपुरूष को पुण्यतिथि पर दी श्रद्धांजलि

# भारत माता के सच्चे सपूत थे डॉ मुखर्जी : पवन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद



भारतीय जनता पार्टी के पित्र पुरुष जन संघ के संस्थापक डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी की पुण्यतिथि जिला बालोद के सभी मंडलों में शक्ति केंद्र स्तर पर मनाया गया।

■ जिलेभर में जगह-जगह हुए कार्यक्रम

सार्वजनिक स्थलों में उनकी प्रतिमाओं एवं शक्ति केंद्रों में उनके तेल चित्र पर दीप प्रज्वलित कर पुष्पांजलि अर्पित की गई। सार्वजनिक स्थलों पर उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण तथा उनके विचार, त्याग एवं बलिदान पर व्याख्यान किया। इस क्रम में जुंगेरा शक्ति केंद्र पर जिला भाजपा कार्यालय में जिला अध्यक्ष पवन साहू, जिला महामंत्री राकेश छोटू यादव, जिला मंत्री शरद ठाकुर, कार्यालय मंत्री लोकेश श्रीवास्तव, पिछड़ा वर्ग मोर्चा जिला अध्यक्ष जितेंद्र साहू सहित संजय साहू, अरुण साहू, विक्रम लालवानी, सता नंद साहू, दुर्जन साहू, वीरेंद्र साहू, बालसिंग साहू, संतोष साहू, टिकेंद्र यादव सहित अन्य कार्यकर्ताओं ने अपने श्रद्धा पुष्प अर्पित किए। जिला अध्यक्ष पवन साहू ने देश के लिए मुखर्जी के कार्यों, त्याग, तपस्या को स्मरण करते हुए डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी को सच्चे मायने में भारत माता का सच्चा सपूत बताया। उन्होंने कहा कि उनमें विलक्षण राजनीतिक दक्षता थी, आज जो कश्मीर भारत का अभिन्न अंग बना है वहां एक निशान, एक संविधान, राष्ट्रध्वज तिरंगा ही शान के लिए, घाटी में अमन चैन एवं खुशहाली, धारा 370 हटाने के लिए अपने प्राणों की आहुति मुखर्जी ने दी है, परमिट प्रथा बंद करने उन्होंने आंदोलन किया। देश में एक विधान, एक प्रधान, एक निशान उन्ही की देन है, उनके विचार एवं प्रेरणा से आज करोड़ों लोग राष्ट्रभक्ति एवं सेवा कार्य में लगे हैं उनका चिंतन आज भी देश के लिए प्रासंगिक है।

जिला भाजपा महामंत्री राकेश छोटू यादव ने मुखर्जी को एक महान शिक्षाविद बताया। उन्होंने कहा कि केवल 33 वर्ष की उम्र में डॉ मुखर्जी कोलकाता यूनिवर्सिटी के वाइस चांसलर बने। आज तक विश्व में इतने कम उम्र में इतनी ख्याति कोई भी अर्जित नहीं कर पाया है। वास्तव में अगर वे न होते तो देश की विघटनकारी शक्तियां एवं तात्कालिक शासन पूरे बंगाल को पूर्वी पाकिस्तान का हिस्सा बना देती, उनकी प्रतिभा को देख सरदार वल्लभभाई पटेल एवं गांधी जी ने उन्हें नेहरू के अंतरिम सरकार में उद्योग एवं आपूर्ति केंद्रीय मंत्री पद की सिफारिश की। देश विरोधी नीतियों से व्यथित होकर उन्होंने मंत्री पद त्याग दिया। अपने विचारों के दम पर वे विश्व की सबसे बड़ी राष्ट्रवादी जनसंघ के संस्थापक बने। उनके विचारों से ही आज विश्व के सबसे बड़े राजनीतिक दल के रूप में भारतीय जनता पार्टी राष्ट्र की सेवा कर रही है। कार्यक्रम को जिला मंत्री शरद ठाकुर ने भी संबोधित किया।

### 6 जुलाई तक सेवा पखवाड़ा

भारतीय जनता पार्टी बालोद जिले में डॉ मुखर्जी के स्मृति दिवस 23 जून से उनके जन्म दिवस 6 जुलाई तक सेवा पखवाड़ा का आयोजन किया जाएगा। इस दौरान पौधारोपण एक वृक्ष मां के नाम स्वच्छता अभियान जैसे अनेक सेवा कार्य से उन्हें अपनी श्रद्धांजलि अर्पित करेंगे। जिला भाजपा कार्यालय में अंत में सेवानिवृत शिक्षक एवं भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ कार्यकर्ता खमन लाल शांडिल्य के स्वर्गवास पर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की गई।

### 25 को आपातकाल काला दिवस मनाएगी भाजपा

**गुरूर।** भारतीय जनता पार्टी के पित्र पुरुष डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी की स्मृति दिवस 23 जून से लेकर उनके जन्म दिवस 6 जुलाई तक संगठन सेवा पखवाड़ा मनाएगा। इस दौरान विभिन्न कार्यक्रम निर्धारित किए गए हैं। भाजपा राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा के निर्देश पर जिला भाजपा अध्यक्ष पवन साहू के निर्देशानुसार निम्नांकित कार्यक्रम मंडल गुरुर के सभी शक्तिकेन्द्र में आयोजित किया जाना है। जिसमे 23 जून को डॉक्टर श्यामा प्रसाद मुखर्जी को उनकी पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि अर्पित की गई। सार्वजनिक स्थल पर उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण तथा उनके विचार, त्याग एवं बलिदान पर व्याख्यान एवं उनके विचार तथा प्रेरणा से संबंधित विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया। वहीं, आपातकाल काला दिवस 25 जून को मनाया जाएगा। इसके अतिरिक्त एक पेड़ मां के नाम कार्यक्रम को जन-जन का कार्यक्रम बनाने के लिए जन जागरण अभियान चलाया जा रहा है। स्वच्छ भारत-स्वस्थ भारत के तहत स्वच्छता को ध्यान में रखते हुए तालाब कुआं एवं अन्य जल बहाव, जल स्रोतों को लक्ष्य लेकर के प्लास्टिक रहित अभियान 6 जुलाई तक चलाया जाए। 1 जुलाई को मंडल के समस्त शक्ति केन्द्रों में प्रातः 7:30 बजे से 9 बजे तक शीतला मंदिरों के आसपास साफ सफाई करते हुए नीम का वृक्ष लगाकर सुरक्षा एवं संवर्धन के लिए कार्यक्रम आयोजित करें। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा प्रसारित होने वाले माह के अंतिम रविवार को मन की बात का प्रसारण 30 जून को समस्त शक्ति केंद्र स्तर पर व्यापक रूप से जन समुदाय से जुड़कर तथा शक्ति केंद्र स्तर पर पार्टी की बैठक समीक्षा एवं कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। इसको लेकर ग्रामों में कार्यकर्ताओं द्वारा कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे हैं।

भाजपा मंडल गुण्डरदेही में मनाया गया बलिदान दिवस

## डॉ. मुखर्जी ने बुलंद किया एक देश एक विधान और एक प्रधान का नारा



**गुण्डरदेही।** भाजपा मंडल गुण्डरदेही द्वारा रविवार को भारतीय जनता पार्टी के पितृपुरुष श्यामा प्रसाद मुखर्जी की पुण्यतिथि को बलिदान दिवस के रूप में मनाया गया। उनके तैलचित्र पर श्रद्धासुमन अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इस अवसर पर उपस्थित पदाधिकारी ने अपने विचार रखते हुए कहा कि डॉक्टर श्यामा प्रसाद मुखर्जी ने जनसंघ की स्थापना की। उनके विचारों को लेकर आज तक हम चलते आ रहे हैं। उन्होंने देश में एक विधान और एक प्रधान के नारे को बुलंद किया और इस विचार को लेकर अपनी जान की आहुति तक देश के नाम कर दी। आज केंद्र की भाजपा के सरकार ने धारा 370 हटाकर अब हमारे देश में एक प्रधान एक विधान और एक झंडा को लागू किया है। नरेंद्र मोदी की सरकार ने कश्मीर से धारा 370 हटाकर उन्हें सच्ची श्रद्धांजलि अर्पित की हैं, कश्मीर से कन्याकुमारी तक एक भारत के सपने को पूरा किया।

कार्यक्रम में पूर्व जिला भाजपा अध्यक्ष लेखराम साहू, मंडल अध्यक्ष दुष्यंत सोनवानी, अश्वनी यादव, सौरभ चोपड़ा, सतीश महोबिया, राजू अग्रवाल, वीरेंद्र साहू, भानुमति साहू, नविता साहू, पृथ्वी साहू, दिलीप मंडावी, दयाराम सिन्हा, तामेश्वर सिन्हा, उमाशंकर ठाकुर, भूपेंद्र निषाद उपस्थित थे।

### डौंडीलोहारा भाजपा मंडल ने दी श्रद्धांजलि



**डौंडीलोहारा।** स्थानीय भाजपा मंडल द्वारा नगर शक्तिकेंद्र मुख्यालय के पुराना जनपद पंचायत परिसर में भारतीय जनसंघ के संस्थापक एवं महान राष्ट्र चिंतक डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की पुण्यतिथि मनाई गई। इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में जिला उपाध्यक्ष देवेन्द्र जायसवाल, जिला मंत्री भाजपा जयेश ठाकुर, जिला कार्यकारणी सदस्य जसराज शर्मा ,मंडल अध्यक्ष रूपेश सिंहा, मंडल महामंत्री संदीप जैन, पूर्व मंडल महामंत्री महावीर तातेड़ ,जिला उपाध्यक्ष मोर्चा महावीर साहू, शक्तिकेंद्र प्रभारी उमेश मंडावी ,भाजयुमो जिला पदाधिकारी पलाश गुप्ता ,जिला कार्यकारिणी सदस्य भाजयुमो धीरेंद्र टांक, भाजपा नेता संदीप भन्साली, पूर्व पार्षद जीवराखन कौमार्य ,जिला मंत्री महिला मोर्चा एवम पार्षद सुभद्रा टांडेकर,पार्षद माया जयेश ठाकुर, पार्षद रहिमत कोसमा, पार्षद दशोदा भुआर्य, पार्षद मनी बघेल, पार्षद नारायण सिन्हा, पार्षद शोभा राजपूत सहित अन्य उपस्थित रहे। कार्यक्रम में जिला उपाध्यक्ष देवेन्द्र जायसवाल ,जिला मंत्री जयेश ठाकुर ,जिला कार्यकारणी सदस्य जसराज शर्मा तथा मंडल अध्यक्ष रूपेश सिन्हा ने अपने विचार रखते हुए कहा कि पंडित श्यामा प्रसाद मुखर्जी को उनकी पुण्यतिथि पर भावपूर्ण नमन वंदन है । भारत की एकता व अखंडता के लिए अपना सम्पूर्ण जीवन समर्पित कर देने वाले डॉ. मुखर्जी का आदर्श व्यक्तित्व प्रत्येक देशवासी के लिए प्रेरणा है। हम सभी को पंडित श्यामा प्रसाद मुखर्जी के विचारों तथा आदर्शो को मिलकर आगे बढ़ाना होगा तभी पूरे समाज में राष्ट्रवाद की भावना मजबूत ओर प्रभावशाली होगी। कार्यक्रम का संचालन मंडल महामंत्री संदीप जैन ने किया।



## आलीखुंटा की गलियों में कीचड़, चलना हुआ मुश्किल



**डौंडीलोहारा।** ब्लाक के ग्राम आलीखुंटा की गलियों में कीचड़ के कारण ग्रामवासियों को आवागमन में दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। विमल साहू के घर से विनोद मानिकपुरी के घर तक, स्कूल से सड़क तक एवं आंगनवाड़ी से केशव साहू घर तक गली पूरी तरह कीचड़ से सना हुआ है। कुछ दिन बाद स्कूल खुलने वाला है, बच्चों को भी स्कूल आने-जाने में परेशानियों का सामना करना पड़ेगा। ग्राम के गणमान्य नागरिकों द्वारा सरपंच से चर्चा की, लेकिन कोई हल नहीं निकाला जा रहा है। किशोरी लाल उर्वशा, केशव साहू, कमलेश भण्डारी, बिसम्भर साहू, भानुराम, चमार राय, सैनुक चनाप, गोविंद साहू, सौरभ गुप्ता,भागवत बढई, शत्रुघन बढई व अन्य ग्रामीणों ने जल्द ही समस्या का निदान करने की मांग की है।

## शालिगराम तोमर स्मृति कार्यक्रम में शामिल हुए जिले के भाजपा नेता

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

■ अभाविप के पूर्व कार्यकर्ता की स्मृति में भोपाल में हुआ कार्यक्रम






विद्यार्थी परिषद के पूर्व कार्यकर्ता स्व. शालिगराम तोमर स्मृति' समारोह के आयोजन में शामिल होने भोपाल पहुंचे छत्तीसगढ़ के कद्दावर भाजपा नेता एवं जिले के वरिष्ठ भाजपा नेता। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के प्रचारक और अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के संगठनकर्ता स्व. शालिगराम तोमर के स्मृति में 23 जून को भोपाल में समारोह का आयोजन किया।

मानस प्रतिष्ठान स्यामला हिल्स भोपाल में स्वैच्छिक संगठन 'नवलय' द्वारा आयोजित इस समारोह में मध्यप्रदेश व छत्तीसगढ़ में स्व. शालिगराम तोमर के सानिध्य और मार्गदर्शन में काम कर चुके कार्यकर्ता सहभागी बने। कार्यक्रम में मप्र के सीएम डॉ. मोहन यादव, छत्तीसगढ़ के उपमुख्यमंत्री अरूण साव, कैबिनेट मंत्री बृजमोहन अग्रवाल के अलावा छत्तीसगढ़ भाजपा के कद्दावर नेता शिवरतन शर्मा, पूर्व नेता प्रतिपक्ष नारायण चंदेल, देव जी पटेल, पूर्व संगठन मंत्री हरीश लुनिया, पूर्व विधायक विमल चोपड़ा, विवेक सक्सेना, चन्द्रहास चन्द्राकर, बालोद निवासी पूर्व अध्यक्ष बाल संरक्षण आयोग यशवंत जैन, जयंत बारीक, पूर्व प्रदेश मंत्री व पूर्व नगर पालिका बालोद अध्यक्ष राकेश यादव, बालोद जिला महामंत्री चेमन देशमुख, बालोद विधान सभा प्रभारी नंद कुमार ओझा, अखिलेश सोनी, संजय रजक शामिल हुए।

कार्यक्रम के प्रथम सत्र 'याद करें यादों को में अपना परिचय देते हुए अरुण साव, बृजमोहन अग्रवाल, यशवंत जैन सहित मध्य प्रदेश के पूर्व कार्यकर्ताओं ने स्वगएॅय शालिगराम तोमर के साथ बिताये अपने अनुभव को साजा किया। द्वितीय सत्र में पूर्व कार्यकर्ता मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव, एशिया पेसिफिक कौंसिल की चेयर पर्सन डॉ मल्लिका नडडा, प्रांत प्रचारक राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ अशोक पांडेय की उपस्थिति में शालिगराम तोमर स्मृति राष्ट्रसेवी सम्मान से पूर्व संगठन मंत्री सूर्यकान्त केलकर को सम्मानित किया गया।



## बालोद में श्री सद्गुरू कबीर साहेब के प्राकट्य उत्सव पर हुई चौका आरती

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

श्री सदगुरु कबीर दर्शन मंदिर शिकारीपारा बालोद में श्री सद्गुरू कबीर साहेब का प्राकट्य उत्सव मनाया गया। मौसम के खराब होने के बाद भी समाज के सभी सदस्यों एवं कार्यकर्ताओं और दर्शकों की उपस्थिति मे कार्यक्रम धूम धाम और उत्साह के साथ सम्पन किया गया।

गिरधारी दास महंत कोडेवा वाले ने अपने संत मंडली के साथ सात्विक चौका आरती संपन्न किया। मनोजदास, मदन मोहन दास बालोद ने अपने भजन मंडली के साथ प्रस्तुति दिया। गंगाराम निषाद ने मंदिर के मुख्य गर्भगृह के आसन हेतु सागौन लकड़ी से बना मंदिर स्थापित होने के लिए टेबल और मानिकपुरी समाज तरौद द्वारा दानपेटी प्रदान किया गया है। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि छ.ग कोसरिया मानिकपूरी पनिका समाज के प्रांतीय कोषाध्यक्ष इराज दास मानिकपुरी एवं सचिव के.डी मुरूचुलिया थे। विशेष अतिथि युवा संगठन धमतरी धर्मेंद्र दास, उपाध्यक्ष देवचर्ण दास, सचिव जिला बालोद विष्णु दास, पारसदास, अध्यक्ष तहसील बालोद मोहन दास, नगर इकाई बालोद के अध्यक्ष खेमू दास व पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओ के साथ मिलकर भोजन भंडारा एवं मंच व्यवस्था को सम्हाल कर समाज को विशेष सहयोग प्रदान किया।

### झूले कहां गए नहीं बता पा रहा कोई

## दशहरा तालाब किनारे स्थित गार्डन में लगे सभी झूले गायब



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

शहर के दशहरा तालाब किनारे स्थित गार्डन में लगे सभी झूले गार्डन से नदारद हो गए हैं। गॉर्डन से झूला आखिर कौन ले गया, इसकी स्पष्ट जानकारी नहीं है। हालांकि कुछ वार्डवासी जानकारी दे रहे थे, कि नगर पालिका प्रशासन यहां के सभी झूलों को निकाल कर ले गई है।

हालांकि गार्डन बनने के बाद जितने नए झूले लगे हुए थे, उनमें आधे से अधिक झूलों को देख रेख के अभाव में खराब अवस्था में रखा हुआ था, उसे असामाजिक तत्व चोरी करके ले गए। वहीं, शेष बचे हुए झूलों को नगर पालिका प्रशासन द्वारा वहां से हटा देने की जानकारी सामने आ रही है। इस मामले पर नगर पालिका प्रशासन का कोई भी अधिकारी कर्मचारी स्पष्ट जवाब नहीं दे पा रहा है। आपको बता दें कि शहर के विभिन्न तालाबो के किनारे गॉर्डन का निर्माण कर उसमें कई प्रकार के झूले लगाए गए थे, जो देख रेख के अभाव में असामाजिक तत्वों की भेंट चढ़ गए। कई झूले सड़ रहे हैं तो कई झूलों को असामाजिक तत्वों ने चोरी कर लिया। नगर पालिका प्रशासन की उदासीनता और असामाजिक तत्वों के कारनामों से लाखों रुपए के झूले गॉर्डन से नदारद हो गया है।

